सोमवार
16 जनवरी 2023
डिजिटल संस्करण

केशव टाइम्स
आपकी आवाज



लूटपाट की साजिश रचते दो बदमाश हथियार के साथ गिरफ्तार, एक फरार 2

प्रमुख खबरें : पटना ■ भोजपुर ■ बक्सर ■ रोहतास ■ पूर्वांचल ■ मिथिलांचल ■ विविध ■ खेल ■ आर्थिक

दु:खदः पोखरा एयरपोर्ट पर लैंडिंग से 10 सेकेंड पहले विमान पहाड़ी से टकरा गया, जान गंवानेवालों में पांच भारतीय भी, इनमें चार गाजीपुर के

# नेपाल में विमान दुर्घटनाग्रस्त, 72 लोगों की मौत

**एजेंसी/काठमांडू**

नेपाल के पोखरा अंतरराष्ट्रीय हवाईअड्डे पर काठमांडू से आ रहा 72 सीटों वाला यात्री विमान दुर्घटनाग्रस्त हो गया। हादसे में अब तक 68 यात्री समेत सभी 72 लोगों की जान जा चुकी है। फिलहाल एयरपोर्ट को बंद कर दिया गया है। यात्री विमान में 53 नेपाली नागरिक, 5 भारतीय, 4 रूसी, एक आयरिश, 2 कोरियाई, एक अर्जेंटीना और एक फ्रांसीसी नागरिक सवार थे। इनमें से किसी के भी बचने की खबर नहीं है। 2010 से लेकर यहां अब तक 166 से अधिक लोगों की मौत हो चुकी है। दरअसल, यहां खराब मौसम और पहाड़ों के बीच बनीं कठिन हवाई पट्टी इन हादसों का बड़ा कारण बनती हैं। हादसे की जानकारी देते हुए यति एयरलाइंस के प्रवक्ता सुदर्शन बरतौला ने बताया कि यति एयरलाइंस के विमान में कुल 68 यात्री और चालक दल के चार सदस्य सवार थे। इसमें दो बच्चों समेत 15 विदेशी नागरिक भी शामिल हैं। विमान पुराने हवाई अड्डे और पोखरा अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे के बीच दुर्घटनाग्रस्त हुआ है।

**जांच के लिए पांच सदस्यीय कमेटी का गठनः** पोखरा हवाई अड्डे पर विमान दुर्घटना के मद्देनजर नेपाल के पीएम पुष्प कमल दहल 'प्रचंड' और गृह मंत्री रबी लामिछाने विमान हादसे वाली जगह का दौरा कर सकते हैं। दोनों आज ही पोखरा पहुंचेंगे। हादसे के कारणों की जांच के लिए पांच सदस्यीय कमेटी का गठन किया गया है। हादसे के बाद नेपाल में एक दिन का राष्ट्रीय शोक घोषित किया गया है।





## काठमांडू से 10 .33 बजे प्लेन ने भरी थी उड़ान

नेपाल नागरिक उड्डयन प्राधिकरण ने बताया कि येती एअरलाइंस के 9एन-एएनसी एटीआर-72 विमान ने सुबह 10 बजकर 33 मिनट पर काठमांडू के त्रिभुवन अंतरराष्ट्रीय हवाईअड्डे से उड़ान भरी थी। पोखरा इस हिमालयी देश में एक मशहूर पर्यटक स्थल है। हवाईअड्डा प्राधिकरण के मुताबिक, विमान में 53 नेपाली, पांच भारतीय, चार रूसी, दो कोरियाई, एक-एक आयरिश, अर्जेंटीना और फ्रांसीसी नागरिक सवार थे।

**लैंडिंग से पहले हुई दुर्घटनाः** जानकारी के मुताबिक, विमान पहाड़ी से टकरा गया। लैंडिंग से पहले हुई इस दुर्घटना के बाद विमान में आग लग गई। पोखरा के समीप दुर्घटनाग्रस्त हुआ यात्री विमान ATR-72 यति एयरलाइंस का बताया जा रहा है। सोशल मीडिया पर पोस्ट की गई तस्वीरों और वीडियो में दुर्घटनास्थल से धुएं का गुबार उठता दिख रहा है।

## मौसम नहीं, तकनीकी खराबी की वजह से हुआ हादसा

आमतौर पर किसी यात्री विमान के हादसे के पीछे ज्यादातर मौकों पर मौसम ही कारण होता है। लेकिन नेपाल हादसे की मुख्य वजह तकनीकी खराबी बताई गई है। नेपाल की एयरपोर्ट अथॉरिटी का कहना है कि विमान हादसा मौसम नहीं बल्कि तकनीकी खराबी की वजह से हुआ।

**पायलट ने लैंडिंग के लिए परमिशन ले ली थी**

बता दें कि जैसे ही पायलट को विमान में तकनीकी खराबी का पता चला तब उसने विमान को एटीसी से लैंडिंग के लिए परमिशन ले ली थी। एयरपोर्ट अथॉरिटी ने बयान में बताया कि विमान के पायलट ने पोखरा एटीसी की ओर से लैंडिंग के लिए ओके भी कह दिया गया था, लेकिन लैंडिग से पहले ही विमान में आग गई। सिविल एविएशन अथॉरिटी का कहना है कि मौसम की खराबी के कारण दुर्घटना हुई, ये बात नहीं कही जा सकती।

## चीन की मदद से बना है पोखरा अंतरराष्ट्रीय एयरपोट

चीन की मदद से तैयार हुए पोखरा अंतरराष्ट्रीय एयरपोर्ट का दो हफ्ते पहले यानी इसी साल एक जनवरी को नवनियुक्त प्रधानमंत्री पुष्प कमल दहल 'प्रचंड' ने उद्घाटन किया था। यह परियोजना के चीन के बेल्ट एंड रोड इनिशिएटिव सहयोग का हिस्सा थी। काठमांडू पोस्ट अखबार के मुताबिक, एयरपोर्ट निर्माण के लिए नेपाल सरकार ने चीन के साथ मार्च 2016 में 22 अरब रुपए के सॉफ्ट लोन समझौते पर दस्तखत किए थे।

**क्रैश होने के एक घंटे बाद मिली हादसे की खबरः** स्थानीय मीडिया के मुताबिक, हादसा रविवार सुबह 10 .57 बजे के करीब हुआ। विमान पहाड़ी से टकराकर येति नदी के पास खाई में जा गिरा। स्थानीय लोग राहत और बचाव के लिए पहुंच गए। हालांकि मीडिया में यह खबर एक घंटे बाद यानी दोपहर करीब 12 बजे आई।

## प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने हादसे पर जताया दुख

प्रधानमंत्री मोदी ने नेपाल के प्रधानमंत्री पुष्प कमल दहल 'प्रचंड' को टैग करते हुए एक ट्वीट के जरिए दुख जताया। उन्होंने ट्वीट में लिखा, 'नेपाल में दुखद हवाई हादसे से आहत हूं, जिसमें भारतीय नागरिकों समेत कीमती जान चली गईं। दुख की इस घड़ी में मेरी संवेदनाएं और प्रार्थनाएं शोक संतप्त परिवारों के साथ हैं।

वहीं **उड्डयन मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया** ने ट्विटर पर कहा, नेपाल में एक दुखद विमान दुर्घटना में जानमाल का नुकसान बेहद दुर्भाग्यपूर्ण है। मेरे विचार और प्रार्थनाएं शोक संतप्त परिवारों के साथ हैं। ओम शांति।

**भारतीय विदेश मंत्री डॉ. एस जयशंकर** ने इस घटना पर दुख जताते हुए ट्वीट किया, "नेपाल के पोखरा में हुए विमान हादसे के बारे में सुनकर मुझे गहरा दुख हुआ है। हमारी संवेदनाएं प्रभावित परिवारों के साथ हैं।

## गाजीपुर जिले के चार दोस्तों के लिए आखिरी सफर साबित हुआ नेपाल

**केटी न्यूज/गाजीपुर**



◆ मृतकों में चकजैनब गांव निवासी सोनू जायसवाल, चकदरिया चकजैनब निवासी अनिल राजभर, अलावलपुर अफ्गां निवासी विशाल शर्मा और धरवां गांव निवासी अभिषेक कुशवाहा शामिल

नेपाल में रविवार को हुए विमान हादसे में 72 लोगों की मौत हो गई। इसमें से पांच लोग भारत के हैं। जिनमें से चार उत्तर प्रदेश के गाजीपुर जिले के निवासी थे। हादसे की जानकारी होते ही कोहराम मच गया। सभी युवक एक साथ 12 जनवरी को वाराणसी से नेपाल की राजधानी काठमांडू के लिए रवाना हुए थे। हादसे से पहले का एक वीडियो भी सामने आया है। गाजीपुर के सोनू जायसवाल हादसे के वक्त फेसबुक पर लाइव थे। पहले वह विमान के अंदर और बाहर का सीन दिखाते हैं। इस दौरान विमान में सभी यात्री खुश नजर आ रहे हैं। कुछ सेंकेड बाद विमान हवा में गोते खाने लगती है। अचानक आग की लपटें दिखाई देने लगती हैं और प्लेन क्रैश हो जाता है। इस दौरान चीखपुकार की आवाज भी आती है।

गाजीपुर जिले के चकजैनब गांव निवासी सोनू जायसवाल (28), चकदरिया चकजैनब निवासी अनिल राजभर (28), अलावलपुर अफ्गां निवासी विशाल शर्मा (23) और धरवां गांव निवासी अभिषेक सिंह कुशवाहा (23) मित्र थे। 12 जनवरी को अनिल राजभर, विशाल शर्मा और अभिषेक सिंह कुशवाहा एक साथ वाराणसी के सारनाथ पहुंचे। वहां से सोनू जायसवाल को साथ लेकर काठमांडू के लिए रवाना हुए। चारों ने काठमांडू से पोखरा के लिए फ्लाइट पकड़ी, लेकिन विमान खराब मौसम की वजह से पोखरा हवाई पट्टी पर उतरने से पूर्व दुर्घटनाग्रस्त हो गया। शाम करीब पांच बजे बरेसर थाने पर चारों युवकों के मौत की सूचना मिली। पुलिस ने घटना की जानकारी परिजनों को दी, जिससे कोहराम मच गया। ग्रामीणों की भीड़ दरवाजे पर जुट गई। गांव के लोग परिजनों को सांत्वना देने में जुटे रहे। हालांकि इस दौरान परिजनों की चीख पुखार से माहौल गमगीन हो गया था।

## बीजेपी के मीडिया प्रभारी राजीव रंजन जदयू में

**केटी न्यूज/पटना**

बिहार बीजेपी के मीडिया प्रभारी और उपाध्यक्ष रहे राजीव रंजन जेडीयू में शामिल हो गए। जेडीयू से 2010 में इस्लामपुर से विधायक थे। 2014 में राजीव रंजन बीजेपी में आ गये थे जब लालू-नीतीश साथ हुए थे। राजीव रंजन ने कुछ दिन पहले बीजेपी से इस्तीफा दे दिया था। वहीं. राष्ट्रीय अध्यक्ष ललन सिंह और प्रदेश अध्यक्ष उमेश कुशवाहा की मौजूदगी में रविवार को राजीव रंजन जेडीयू में शामिल हुए। इस दौरान ललन सिंह ने कहा कि राजीव रंजन हमारे पुराने साथी हैं। बीच में रास्ता भटक कर सबसे 'बड़का झूठा पार्टी' बीजेपी में चले गए थे। अपना घर अपना होता है। किराये के घर में गए थे। इनको पूरा सम्मान दिया जायेगा। वहीं, ललन ने बीजेपी पर हमला बोलते हुए कहा कि सत्ता में आए बीजेपी को आठ साल हो गए लेकिन बीजेपी के किसी नेता में हिम्मत नहीं है कि बता पाएं कि आठ साल में मोदी सरकार ने कौन सा काम लोगों के हित में किया है।

**'केंद्र सरकार सिर्फ योजना बनाती है':** जेडीयू के राष्ट्रीय अध्यक्ष ने कहा कि केंद्र सरकार सिर्फ योजना बनाती है। आयुष्मान भारत योजना और उज्जवला योजना सिर्फ नाम के लिए चला है. आयुष्मान योजना के तहत पांच लाख का मुफ्त इलाज हो रहा है या नहीं, इस संबंध में जानकारी नहीं लेना है। उज्जवला योजना के तहत सिलेंडर मिल रहा है या नहीं, यह केंद्र पता को पता नहीं है। गरीबों के खाते में 15 लाख रुपये पहुंचाने की बात की थी। आज तक 15 रुपये नहीं पहुंचा।

**बीजेपी धार्मिक उन्माद फैलाती है- ललन सिंहः** जेडीयू नेता ने कहा कि बीजेपी सुबह से शाम तक सिर्फ धार्मिक उन्माद फैलाती है। बीजेपी देश को बांटने का काम कर रही है. बिहार सरकार की योजनाओं को भारत सरकार अपनी योजना बताकर दूसरे राज्यों में लागू कर रही है। हर घर बिजली योजना, हर घर जल योजना, साइकिल, पोशाक योजना। बिहार सरकार की जो योजना चल रही है उसमें केंद्र सरकार पैसा दे रही थी, जिससे वो अपनी योजना बता सके।

## ठंड के कारण 18 तक बंद रहेंगे स्कूल

**बक्सर।** जिले के तापमान में गिरावट एवं बढते शीतलहर के कारण सभी सरकारी एवं नीजी विद्यालयों को 18 जनवरी तक बंद रखने का निर्देश जारी किया गया है। जिलाधिकारी अमन समीर के निर्देश पर जिला शिक्षा पदाधिकारी अनिल कुमार द्विवेदी ने रविवार की संध्या इस संबंध में पत्र जारी किया। जिसमें बताया गया है कि जिलाधिकारी के निर्देश के आलोक में सभी सरकारी व निजी प्राथमिक विद्यालय में आठवीं तक की कक्षाएं बंद बंद रहेंगी। ज्ञात हो कि पूर्व में आदेश के आलोक में 14 जनवरी तक बंद रखने का निर्देश दिया गया था। जिसमें एक बार फिर ठंड को देखते हुए विस्तार किया गया है।

## 50 लाख की घूसखोरी मामले में अपर मंडल रेल प्रबंधक गिरफ्तार

**एजेंसी/नई दिल्ली**

सीबीआई ने 50 लाख रुपये की घूसखोरी में अपर मंडल रेल प्रबंधक (आईआरएसई-1997 बैच), ठेकेदार और हवाला संचालक सहित 7 आरोपियों को गिरफ्तार किया है। अधिकारियों के मुताबिक, तलाशी के दौरान आरोपियों के पास से लगभग 47 लाख रुपए (नगदी) बरामद हुई है। यह बड़ी कार्रवाई तब हुई, जब सीबीआई की ओर से दिल्ली, नरोरा, गुवाहाटी, सिलीगुड़ी एवं अलीगढ़ सहित विभिन्न स्थानों पर स्थित एडीआरएम और अन्य के परिसरों में तलाशी शुरू की गई। बताया जा रहा है कि तलाशी में लगभग 47 लाख रुपये (कैश), लैपटॉप और कई आपत्तिजनक दस्तावेज बरामद हुए हैं। घूसखोरी के आरोप में गुवाहाटी के अपर मंडल रेल प्रबंधक (आईआरएसई-1997 बैच), ठेकेदार, हवाला संचालक और रिश्वत देने व्यक्ति सहित कुल सात आरोपियों को सीबीआई ने पकड़ा। इस मामले में गुवाहाटी के अपर मंडल रेल प्रबंधक (एडीआरएम) एवं ठेकेदारों सहित अन्य व्यक्तियों के खिलाफ केस दर्ज कर लिया गया है।

**घूसखोरी के खिलाफ बड़ी कार्रवाईः** बताया जा रहा है कि मुख्य आरोपी एडीआरएम ने निजी ठेकेदारों को ठेके के करार, माप पुस्तिका तैयार करने, चालू खाता के बिलों पर कार्यवाही करने, नॉर्थ ईस्ट फ्रंटियर रेलवे में जारी निर्माण कार्य के लिए लंबित बिलों के भुगतान को जल्द जारी करने के साथ-साथ सिक्योरिटी डिपॉजिट एवं बैंक गारंटी को जल्द जारी करने के लिए षड़यंत्र रचा। इस षड़यंत्र को उसने ठेकेदारों के साथ मिलकर रचा। आरोप है कि न्यू जलपाईगुड़ी में मुख्य अभियंता (निर्माण) के पद पर तैनात रहा एडीआरएम (गुवाहाटी) विभिन्न ठेकेदारों से अनुचित फायदा लेने का आदी था।




भारतीय सेना के 75वें स्थापना दिवस पर बेंगलुरु में हुआ शौर्य संध्या का आयोजन

## भारतीय सेना अपने दृढ़ संकल्प में सदैव अग्रणी रही है: रक्षामंत्री

**एजेंसी/बेंगलुरु**

भारतीय सेना के 75वां स्थापना दिवस पर बेंगलुरु में शौर्य संध्या कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में रक्षामंत्री राजनाथ सिंह भी शामिल हुए। इस दौरान रक्षामंत्री राजनाथ सिंह ने भारतीय सेना की जमकर तारीफ की। रक्षामंत्री ने कहा, आजादी से लेकर अभी तक भारतीय सेना क्षेत्रीय अखंडता सुनिश्चित करने के अपने दृढ़ संकल्प में सदैव अग्रणी रही है।

कार्यक्रम में राजनाथ ने कहा, कितनी भी चुनौती एवं कठिन परिस्थितियां हों, हमारे सैनिकों का



धैर्य और इरादा सदैव अटल रहा है। उन्होंने कहा, हमारी सेना के बारे में अधिक क्या कहा जाए? हमारा देश जिन-जिन चीजों के लिए जाना जाता है, उसमें हमारी सेना प्रमुख है। रक्षामंत्री ने कहा, अगर मैं ये कहूं कि हमारी सेना का केवल नाम ही काफी है तो ये कहना भी गलत नहीं है।

**2047 तक भारत बन जाएगा टॉप इकोनमी':** इस दौरान राजनाथ सिंह ने दावा किया कि आने वाले 4 साल में भारत दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन जाएगा. उन्होंने कहा, मेरा मानना है कि वर्ष 2027 तक भारत दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी ईकोनॉमी बन जाएगा और 2047 तक टॉप ईकोनॉमी में नाम होगा। रक्षामंत्री ने कहा, पहले इस कार्यक्रम का आयोजन हमेशा दिल्ली में किया जाता रहा है। पर दिल्ली के बाहर इसका आयोजन अधिक से अधिक लोगों को आर्मी डे से जोड़ने का काम करेगा। कर्नाटक में यह कार्यक्रम कर्नाटक के अनगिनत स्वतंत्रता सेनानियों को श्रद्धांजलि है।



जीयर स्वामी

पूर्व जन्म का जब पुण्य ईकट्ठा होता है
तो संत का दर्शन होता है।



## खबरें फटाफट

### किशोरी की गोली मारकर हत्या

**सासाराम।** राजपुर प्रखंड के सियावक गांव स्थित बथान टोला में एक किशोरी की गोली मारकर हत्या कर दी गई। घायल युवती को बनारस ले जाने के क्रम में उसकी मौत हो गई। बघैला ओपी की पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर प्रोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल, सासाराम भेज दिया है। एसपी विनित कुमार ने बताया कि मामले में एक युवक को हिरासत में लिया गया है। जानकारी के अनुसार बथान टोला के दशरथ सिंह यादव की पुत्री हीरामुनी कुमारी 16 वर्ष अपने एक बहन के साथ शनिवार रात शौच के लिए खेत की ओर गई हुई थी। उसी दौरान गांव के दो युवक बाइक से पहुंचे, उन दोनों के बीच वाद-विवाद होने लगा। इसी एक युवक ने हीरामुनी पर गोली चला दी। इसके बाद दोनों बाइक सवार फरार हो गए। घायल किशोरी को परिजन पीएचसी ले गए, जहां से उसे सदर अस्पताल रेफर कर दिया गया। वहां से भी रेफर होने के बाद उसे इलाज के लिए वाराणसी ले जाया जा रहा था, लेकिन इस क्रम किशोरी ने दम तोड़ दिया।

### पुलिस का रिश्वत मांगते ऑडियो वायरल

**सासाराम।** जिले के अकोढ़ीगोला थाना का एक वीडिया वायरल हो रहा है, जिसमें पकड़े गए युवक से पुलिसकर्मी के द्वारा रिश्वत के लेन-देन की बात की जा रही है। यद्यपि वीडियो स्पष्ट नहीं है लेकिन ऑडियो में साफ सुना जा सकता है कि रिश्वत की मांग की जा रही है। मामले की गंभीरता को देखते एसपी विनित कुमार द्वारा जांच का आदेश दिया गया है। इस संबंध में जानकारी देते हुए एसपी ने रविवार को बताया कि अकोढ़ी गांला में तैनात एक सब इंस्पेक्टर का कथित तौर पर रिश्वत मांगने का एक वायरल वीडियो प्राप्त हुआ है। यद्यपि वीडियो स्पष्ट नहीं है, लेकिन इसके आधार पर जांच कराई जा रही है।

# शिशु मृत्यु दर कम करने में वरदान साबित हो रहा सदर अस्पताल का एसएनसीयू

**केटी न्यूज/सासाराम**

- एसएनसीयू की वजह से 40 से 50 प्रतिशत नवजात मृत्यु दर में आई कमी

एक वो भी दौर था जब लोग सरकारी स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ लेने से कतराते थे और निजी स्वास्थ्य सेवाओं पर ज्यादा भरोसा जताते। लेकिन अब परिस्थियां बदल रही हैं। सरकारी स्वास्थ्य सेवाओं में लगातार हो रहे बदलाव से लोगों का नजरिया बदला है। लोग अब सरकारी अस्पतालों की ओर रुख कर सरकारी स्वास्थ्य सेवाओं को लेने के लिए आगे आ रहे हैं। सरकारी सेवाओं के प्रति आगे आने की मुख्य वजह यह राज्य सरकार द्वारा सरकारी स्वास्थ्य सेवाओं में बेहतर व्यवस्था एवम बेहतर चिकित्सा माना जा सकता है। एक समय था जब जिले के सरकारी अस्पताल में नवजात शिशुओं की बेहतर इलाज के लिए कोई उचित व्यवस्था नहीं थी। ऐसे में लोगों को निजी अस्पतालों के अलावा पटना या बनारस जाना पड़ता था और नवजातों की मृत्यु दर भी ज्यादा देखने को मिलती थी। परंतु सासाराम सदर अस्पताल में एसएनसीयू स्थापित होने से न केवल नवजात बच्चों को नया जीवन मिल रहा है बल्कि शिशु मृत्यु दर में भी कमी लाने में कामयाब हुआ।



**50 प्रतिशत कम हुई शिशु मृत्यु दर :** सासाराम सदर अस्पताल में एसएनसीयू स्थापित होने से नवजातों को जीवन रक्षा तो हो ही रहा है और शिशु मृत्यु दर में काफी कमी आई है। एसएनसीयू स्थापित होने से लगभग 40 से 50 प्रतिशत शिशु दर में कमी आई है। विभाग से मिली जानकारी के अनुसार सदर अस्पताल में वर्ष 2021 में कुल 692 बच्चों को भर्ती कराया गया था। एक वर्ष में 101 नवजातों की मृत्यु हुई। वहीं वर्ष 2022 में कुल 1157 बच्चों को भर्ती कराया गया था। इस एक साल में 111 नवजातों की मृत्यु हुई। आंकड़ों के अनुसार वर्ष 2021 के जनवरी में 10 नवजातों की मृत्यु हुई जबकि फरवरी में 5, मार्च में 5, अप्रैल में 8, मई में 12, जून में 15, जुलाई में 11, अगस्त में 5, सितंबर में 9, अक्टूबर में 13, नवंबर में 12 एवं दिसंबर में 6 नवजातों की मृत्यु हुई। वहीं वर्ष 2022 के जनवरी में 9 नवजातों की मृत्यु हुई। फरवरी में 7, मार्च में 10, अप्रैल में 12, मई में 5, जून में 9, जुलाई में 9, अगस्त में 8 सितंबर में 11, अक्टूबर में 8, नवंबर में 12 एवं दिसंबर में 11 नवजातों की मृत्यु हुई है।

### बेहतर निगरानी से बच्चे होते हैं जल्द स्वस्थ

नर्स कुमारी विदुषी लता ने बताया कि वह वर्ष 2014 से यहां काम कर रही और गंभीर हालत में एसएनसीयू में भर्ती बच्चों की देखभाल करती है। कभी कुछ नवजात इस हालत में आते हैं कि उनके बचने की संभावना कम रहती है। उम्मीद खो चुके माता पिता एसएनसीयू में एक उम्मीद लेकर आते हैं। चिकित्सकों का इलाज और नर्सों के द्वारा 24 घंटे निगरानी की वजह से बच्चा पूरी तरह से स्वस्थ होकर यहां से जाता है। सिविल सर्जन डॉ. केएन तिवारी ने बताया की सदर अस्पताल का एसएनसीयू काफी बेहतर हालत में और सभी सुविधाओं से लैस है। उन्होंने बताया कि जब से एसएनसीयू की स्थापन हुई है तब से बेहतर परिणाम मिल रहा और आने वाले समय में और बेहतर व्यवस्था देखने को मिलेगी।

## जहानाबाद जिले में गेहूं की बुआई शुरू, किसानों को किया जा रहा जागरूक

# संतुलित मात्रा में उर्वरक का प्रयोग करें: डीएओ

- गेहूं की बुआई के 20-25 दिनों के बाद पहली सिंचाई करें किसान
- 60 किग्रा यूरिया प्रति हेक्टेयर की दर से छिड़काव करना उचित

**केटी न्यूज/जहानाबाद**



रबी 2022-23 में गेहूं फसल की बुवाई प्रगति पर है। जिले में दलहनी एवं तेलहनी फसलों सहित गेहूं की अभी तक 95 प्रतिशत से अधिक की बुआई हो चुकी है। ऐसे में कृषि विभाग किसानों को सुझाव देने में लगा है। बताया जा रहा है कि सुझाव किसान गेहूं की बुआई के 20-25 दिनों के बाद पहली सिंचाई करें तथा 60 किग्रा यूरिया प्रति हेक्टेयर की दर से छिड़काव करें। पुनः फसल में द्वितीय सिंचाई 80-85 दिनों के बाद करें तथा पुनः 60 कि0ग्रा0 यूरिया का उपरिवेशन छिड़काव करें। अधिक मात्रा में यूरिया के प्रयोग से भूमि की उर्वरता तथा उत्पादित फसलों के दानों की पुष्टता एवं गुणवत्ता में ह्रास हो जाता है तथा फसलों में कीट-व्याधि के प्रकोप की संभावना भी काफी बढ़ जाती है। जिससे फसलों के रख-रखाव की समय-सीमा कम हो जाती है और किसान बन्धुओं को फसलों का मिलने वाले बाजार मूल्य में भी कमी हो जाती है। वहीं, पाला की स्थिति में किसान रात के समय पटन्वन करें। इससे ठंड के कारण फसलों को नुकसान नहीं पहुंचता। साथ ही, अत्यधिक ठंड के दौरान खेतों के मेढ़ों पर धुआं करना चाहिए। इससे खेतों के आसपास का तापमान 4 से 5 डिग्री तक बढ़ जाता है।

वर्तमान में जिले में उर्वरकों की कोई कमी नहीं है। जिले में यूरिया 1010.160 एमटी, डीएपी 643.150 एमटी, एनपीके- 388.285 एमटी, एसएसपी 461.350 एमटी एवं एमओपी 58.950 एमटी खुदरा उर्वरक विक्रेताओं के पास उपलब्ध है और आगामी दिनों में लगातार हिन्दुस्तान, मैट्रिक्स, कोरोमंडल, एनएफएल कंपनियों से उर्वरक की खेप जिला को प्राप्त होने की सूचना है।

**दोषी प्रतिष्ठानों के विरूद्ध की जा रही है कड़ी कार्रवाई :** जिला कृषि पदाधिकारीने संजय कुमार ने बताया कि चेतावनी दी गई है कि प्राप्त उर्वरक की बिक्री संबंधित पंचायत के प्रभारी कृषि समन्वयक के मार्गदर्शन में कराएं तथा बिक्री पंजी में क्रेता की विवरणी का संधारण किये बिना बिक्री करने पर संज्ञानित उर्वरक कालाबाजारी के विरूद्ध खुदरा विक्रेताओं के व्यवसाय के अनुज्ञप्ति पत्र को रद्द करते हुए प्राथमिकी भी दर्ज की जाएगी। साथ ही, किसी भी प्रकार की अनियमितता की लिखित सूचना पर दोषी प्रतिष्ठानों के विरूद्ध कड़ी कार्रवाई भी की जा रही है। जिले के घोषी, काको एवं जहानाबाद प्रखंडों के एक-एक खुदरा उर्वरक बिक्री प्रतिष्ठानों की अनुज्ञप्ति रद्द की गई है तथा 10 उर्वरक प्रतिष्ठानों से स्पष्टीकरण पृच्छा की गई है और तीन प्रतिष्ठानों का उर्वरक अनुज्ञप्ति निलंबित किया गया है। किसान बन्धुओं से अपील है कि वे फसलों में संतुलित व अनुशंसित मात्रा में ही उर्वरकों का प्रयोग करें तथा एक बार के उपयोग हेतु ही आवश्यकतानुसार उर्वरकों का क्रय की जाए। क्योंकि जिले में उर्वरक की खेप लगातार प्राप्त होने की सूचना है।

### प्रखंडों में लगातार की जा रही छापेमारी

जिला कृषि पदाधिकारी संजय कुमार ने बताया कि निर्धारित मूल्य से अधिक मूल्य पर उर्वरकों की बिक्री करने, अन्य उत्पादों की टैगिंग कर बिक्री करने और भंडार में उर्वरक उपलब्ध रहने पर जरूरतमंद कृषकों को उपलब्ध नहीं कराने पर प्रतिष्ठान के प्रोपराईटर की गलत मंशा और उर्वरक कालाबाजारी में सम्मिलित होना माना जाएगा और उनके विरूद्ध दण्डात्मक कार्रवाई की जाएगी। जिले में उर्वरकों की निर्धारित मूल्य पर सूचारू वितरण व्यवस्था हेतु लगातार छापेमारी की जा रही है। पंचायतों के कृषि समन्वयकों को प्रतिष्ठानवार सम्बद्ध कर प्राप्त उर्वरक का सत्यापन कर बिक्री कराने का निदेश सभी कृषि समन्वयकों, प्रखंड तकनीकी प्रबंधकों व सहायक तकनीकी प्रबंधकों को दिया गया है। जिसका पर्यवेक्षण प्रखंड स्तर पर प्रखंड कृषि पदाधिकारी कर रहे हैं।

## लूटपाट की साजिश रचते दो बदमाश हथियार के साथ गिरफ्तार, एक फरार




जानकारी देते एसपी व अन्य

**केटी न्यूज/आरा**

- वाहन चेकिंग लगा पुलिस ने बदमाशों को धर दबोचा
- बदमाशों के पास से कट्टा, दो गोलियां और एक बाइक बरामद

जिले के सहार थाना क्षेत्र के बरूहीं मिडिल स्कूल के पास में पुलिस द्वारा शनिवार की रात लूटपाट की साजिश करते दो बदमाशों को गिरफ्तार किया गया है। बदमाशों के पास से एक देसी कट्टा, दो गोली और एक बाइक बरामद की गयी है। गिरफ्तार अपराधियों में सहार थाना क्षेत्र के एकवारी गांव निवासी शुभम कुमार उर्फ सीटू कुमार और बरूहीं गांव निवासी अरुण राय हैं। इनमें अरुण राय का आपराधिक इतिहास रहा है। उसके खिलाफ पहले से ही रंगदारी और आर्म्स एक्ट सहित नौ केस दर्ज हैं। हालांकि पुलिस को देख तीसरा अपराधी अंधेरे का लाभ उठाकर भाग निकला। एसपी प्रमोद कुमार की ओर से रविवार को प्रेस कांफ्रेंस में यह जानकारी दी गयी।

एसपी ने बताया कि शनिवार शाम सूचना मिली कि कुछ अपराधी किसी वारदात को अंजाम देने बाइक से नोनउर की तरह जा रहे हैं। उसके बाद अपराधियों की धरपकड़ को पीरो एसडीपीओ राहुल सिंह के नेतृत्व में टीम गठित की गयी। टीम द्वारा बरूहीं मिडिल स्कूल के पास वाहन चेकिंग शुरू की। उस दौरान बाइक सवार अपराधी भागने लगे। तब पुलिस ने खदेड़ कर दो अपराधियों को गिरफ्तार कर लिया, जबकि तीसरा भाग निकला। तलाशी के दौरान गिरफ्तार दोनों के पास से हथियार और गोली बरामद की गयी। उनकी बाइक भी जब्त कर ली गयी। फरार अपराधी की भी पहचान कर ली गयी है। उसकी गिरफ्तारी के लिए छापेमारी की जा रही है। टीम में सहार थानाध्यक्ष शिवेंद्र कुमार और डीआईयू के अधिकारी एवं जवान शामिल थे।

**रंगदारी वसूलने की सूचना पर पहुंची थी पुलिस :** बताया जा रहा है कि वाहन चालकों से रंगदारी वसूलने की सूचना पर पहुंची पुलिस द्वारा दोनों अपराधियों को गिरफ्तार किया गया है। दरअसल बताया जा रहा है कि पुलिस को कुछ दिनों से बरूहीं के पास रंगदारी वसूले जाने को सूचना मिल रही थी। शनिवार शाम भी बरूहीं स्पीड ब्रेकर के समीप अपराधियों द्वारा वाहन चालकों से हथियार के बल पर रंगदारी वसूले जाने की सूचना मिली। उस आधार पर पुलिस बरूहीं मिडिल स्कूल के पास पहुंची थी। तब दो अपराधी दबोच लिये गये थे, जबकि तीसरा भाग निकला था। पुलिस ने उसकी भी पहचान कर ली गयी है। वह भी उसी इलाके का रहने वाला बताया जा रहा है। उसकी गिरफ्तारी को लेकर पुलिस द्वारा लगातार छापेमारी की जा रही है।

**अरुण राय पर सहार थाने में रंगदारी सहित नौ मामलों दर्ज :** बरूही गांव निवासी अरुण राय पुलिस के लिए सिरदर्द था। अबतक उसके खिलाफ सहार थाने में रंगदारी, हत्या के प्रयास और आर्म्स एक्ट सहित नौ मामले दर्ज हो चुके हैं। उसके खौफ से लोग उस पर केस करने से भी डरते हैं। अभी पिछले साल दिसंबर माह में उसके खिलाफ एक अंडा दुकानदार से हथियार के बल पर रंगदारी मांगने की प्राथमिकी दर्ज की गयी था। अंडा दुकानदार की ओर से केस करने से इनकार करने पर पुलिस के बयान पर प्राथमिकी दर्ज की गयी थी। उससे पहले 2021 में भी उसके खिलाफ रंगदारी मांगने की प्राथमिकी दर्ज करायी गयी थी।

## विचाराधीन बंदी की अस्पताल में इलाज के दौरान मौत, यूडी केस

**आरा।** आरा में शराब पीने और बेचने के आरोप में जेल भेजे गये एक विचाराधीन बंदी की मौत हो गयी। सदर अस्पताल की कैदी वार्ड में रविवार दोपहर उसने दम तोड़ दिया। मृत बंदी शाहपुर थाना क्षेत्र के हरिहरपुर गांव निवासी झपसी बिंद के 55 वर्षीय पुत्र टुलु बिंद था। शुक्रवार की शाम उसे मंडल कारा भेजा गया था। उसी रात उसकी तबीयत बिगड़ गयी थी। उसके बाद से ही सदर अस्पताल में उसका इलाज चल रहा था। बंदी की मौत के बाद मजिस्ट्रेट के रूप में उपस्थित सदर सीओ राजकुमार की देखरेख में मेडिकल बोर्ड की ओर शव का पोस्टमार्टम कराया गया। उसके लिए सिविल सर्जन सुरेश सिंह की ओर से तीन सदस्यीय बोर्ड गठित की गयी थी। उसमें ऑन ड्यूटी चिकित्सक डा. आशुतोष कुमार, डा.महावीर प्रसाद गुप्ता और डॉ प्रमोद कुमार शामिल थे। बंदी की मौत को लेकर जेल अधीक्षक की ओर से नगर थाने में यूडी केस भी दर्ज कराया गया है। पुलिस शव का पोस्टमार्टम कराने के बाद मौत के कारणों की छानबीन में जुट गयी है।

बताया जा रहा है कि शाहपुर के हरिहरपुर गांव निवासी टुलु बिंद को 13 जनवरी की शाम जेल भेजा गया था। उसी रात करीब साढ़े नौ बजे गंभीर हालत में उनको सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया। दो दिन चले इलाज के बाद रविवार को उसकी मौत हो गयी। कारा प्रशासन के अनुसार टुलु बिंद को उत्पाद कांड संख्या 31/23 के तहत 13 जनवरी की शाम करीब साढ़े चार बजे जेल लाया गया था। उन्हें अल्कोहल विदड्रॉल सिंड्रोम आदि लक्षण थे और वह हिंसक भी हो रहा था। तब उसकी हालत देख रात करीब साढ़े नौ बजे सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया। रविवार की दोपहर करीब एक बजे बंदी की मौत हो गई।

## क्रिकेट मैच में भवानीचक विजयी

**जहानाबाद।** प्रखंड अंतर्गत सुरंगापुर पंचायत के प्लस टू किसान उच्च विद्यालय भवानीचक सुरंगापुर के खेल मैदान के प्रांगण में दूसरा दिन वीआईपी क्रिकेट टीम के द्वारा सुरंगापुर और भवानीचक के बीच मुकाबला हुआ। जिसमें सुरंगापुर के टीम कप्तान कुणाल कुमार ने टॉस जीतकर बल्लेबाजी करने निर्णय लिया। सुरंगापुर के टीम ने बल्लेबाजी करते हुए 12 ओवर में छह विकेट के नुकसान पर 85 रन बनाया। जबकि भवानी चक टीम के कप्तान सूरज कुमार ने 12 ओवर में एक विकेट के नुकसान पर 86 रन बनाकर जीत दर्ज कर लिया। जबकि मैन ऑफ द मैच के रूप में भवानीचक विजेता टीम के तरफ से किशन कुमार को चुना गया। 25 बाल पर 50 रन बनाया था। मौके पर नरेंद्र कुमार, शिवनारायण कुशवाहा, पप्पू कुमार, कौशल कुमार, न्यूटन कुमार, सुधीर कुमार, बर्जेश कुमार, ज्ञानचंद पासवान, चंदेश्वर सिंह, इरशाद आलम, अजीत कुमार, जगजीवन पासवान, कौशल कुमार, मनीष कुमार, सर्वेश कुमार, संजय शर्मा समेत सैकड़ों लोगों ने भाग लिये।

## नए साल की पार्टी में तमंचे पर डिस्को करनेवाले दो युवक जेल भेजे गए

**केटी न्यूज/आरा**

- निर्तकी संग तमंचे पर डिस्को करना पड़ा महंगा
- एक पर तमंचा लहराने तो दूसरे पर हथियार उपलब्ध कराने का आरोप

भोजपुर के तरारी थाना क्षेत्र के बंधवा गांव के दो युवकों को न्यू इयर पार्टी में तमंचे पर डिस्को करना काफी महंगा पड़ गया। व्हाट्सएप ग्रुप में वीडियो वायरल होने के बाद पुलिस द्वारा दोनों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया। एक पर नर्तकी संग तमंचे पर डांस करने, तो दूसरे पर हथियार उपलब्ध कराने का आरोप है। जेल भेजे जाने वालों में बंधवा गांव निवासी उमेश राम का पुत्र बिट्टू कुमार और उदय नारायण प्रसाद का पुत्र निर्मल कुमार हैं। इनके पास से एक पिस्टल भी बरामद किया गया है।

मामले में दोनों के खिलाफ तरारी थाने में आर्म्स एक्ट के तहत एक प्राथमिकी दर्ज की गयी है। एसपी प्रमोद कुमार ने बताया कि शनिवार की शाम सोशल मीडिया



और व्हाट्सएप ग्रुप में एक वीडियो वायरल हो रहा था। उसमें एक युवक को अवैध हथियार लेकर नर्तकी के साथ डांस करते देखा जा रहा था। उसकी जांच और गिरफ्तारी को एसडीपीओ राहुल सिंह के नेतृत्व में टीम गठित की गयी। टीम ने जांच में पाया कि 31 दिसंबर को पार्टी हुई थी। वहीं डांस करने वाले की पहचान बंधवा गांव के बिट्टू कुमार के रूप में करते हुए उसे गिरफ्तार कर लिया। पूछताछ में उसने बताया कि हथियार गांव के ही निर्मल कुमार का है। उसने ही हथियार दिया था। उसकी निशानदेही पर निर्मल कुमार को भी गिरफ्तार कर लिया गया। एसपी ने बताया कि दोनों के आपराधिक इतिहास की जानकारी ली जा रही है। बताया जा रहा है कि 31 दिसंबर को रंगीन पार्टी मन रही थी। उसमें लजीज व्यंजन के साथ बालाओं के डांस का तड़का भी था। पार्टी अपने पूरे शबाब में था। तब जोश में तमंचे पर नर्तकी के साथ थिरकने लगा। तभी किसी ने वीडियो बना लिया और वायरल कर दिया।

## शिक्षकों व छात्रों ने मगध विश्वविद्यालय के कुलपति के प्रति किया आभार व्यक्त

# एसएस कॉलेज: 8 अन्य विषयों में नामांकन जल्द होगा शुरू

**केटी न्यूज/जहानाबाद**

जहानाबाद एसएस कॉलेज में स्नातकोत्तर स्तर पर पूर्व से पढ़ाए जाने वाले पांच विषयों के अतिरिक्त अन्य आठ विषयों में नामांकन एवं शिक्षण की अनुमति मिलने पर महाविद्यालय परिवार ने खुशी जाहिर की है। प्राचार्य डॉ. सुधीर कुमार मिश्र ने इसके लिए मगध विश्वविद्यालय के माननीय कुलपति प्रो. केसी सिन्हा के प्रति आभार व्यक्त किया है।

जिन आठ विषयों में नामांकन एवं शिक्षण की अनुमति मिली है, उनमें वनस्पति विज्ञान, अंग्रेजी, हिन्दी, भौतिकी, भूगोल, गणित, संस्कृत एवं दर्शन शास्त्र शामिल है। ज्ञात हो कि महाविद्यालय में पूर्व से रसायन शास्त्र, जन्तु विज्ञान, मनोविज्ञान, अर्थशास्त्र एवं राजनीति विज्ञान जैसे विषयों में नामांकन एवं शिक्षण की सुविधा है। शैक्षणिक महत्व के इस उपलब्धि के




लिए महाविद्यालय परिवार के शैक्षणिक एवं गैर शैक्षणिक सदस्यों ने प्रधानाचार्य को हार्दिक बधाई देते हुए इसका पूरा श्रेय उनके उजार्वान, गतिशील एवं समर्थ प्रशासकीय नेतृत्व को दिया।

वहीं प्राचार्य ने इसे अपने सहकर्मियों की कड़ी मेहनत एवं सामूहिक प्रयास का प्रतिफल बताया। महाविद्यालय की महिमा व गरिमा को बढ़ाने वाली इस महत्वपूर्ण उपलब्धि पर महाविद्यालय के पूर्व प्रभारी प्राचार्य डॉ. अरुण कुमार, सेवानिवृत्त शिक्षक डॉ. सियाशरण शर्मा, डॉ. उपेन्द्र कुमार, अशोक कुमार सिंह ने प्रसन्नता जाहिर की है। वहीं, छात्र हित में इसे बड़ी उपलब्धि बताते हुए महाविद्यालय के अनेक पूर्ववर्ती छात्रों ने प्राचार्य को इसके लिए बधाई दी है। इन सबों ने कहा कि स्थानीय स्तर पर विभिन्न विषयों में स्नातकोत्तर शिक्षा की व्यवस्था कम खर्च पर ही सुलभ हो पाएगी। इन पूर्ववर्ती छात्रों में सामाजिक कार्यकर्ता निरंजन केशव प्रिंस, पत्रकार संतोष श्रीवास्तव, अम्बुज कुमार, अश्विनी कुमार आदि शामिल रहे। प्राचार्य डॉ. मिश्र ने बताया कि मेरा जोर गुणवत्तापूर्ण शिक्षा, अतिरिक्त क्षमता निर्माण, नामांकन लक्ष्यों को प्राप्त करने, छात्र -शिक्षक अनुपात को दुरुस्त करने एवं शैक्षणिक समावेशन पर है। महाविद्यालय के विकास में एक नया आयाम जुड़ने पर प्राचार्य को बधाई देने वालों में प्रो. डॉ. कृष्णानंद, डॉ. श्रीनाथ शर्मा, डॉ. बाल भगवान शर्मा, डॉ. श्यामाकांत शर्मा, डॉ. अरुण कुमार, डॉ. विनोद कुमार रॉय, डॉ. माधव कुमार सिंह, डॉ. इमरान अरशद, डॉ. निशा रानी, डॉ. स्नेहा स्वरूप, सुनील कुमार, अनिल कुमार द्विवेदी, विवेक मोहन, प्रेम कुमार आदि शामिल रहे।




## खबरें फटाफट

### आज चौसा आयेंगे चर्चित किसान नेता राकेश टिकैत

**बक्सर।** देश के चर्चित किसान नेता राकेश टिकैत सोमवार को बक्सर जिले के चौसा प्रखंड के बनारपुर गांव आयेंगे। वे बनरपुर गांव के पीड़ित किसानों से मुलाकात करेंगे तथा उनके आंदोलन को धार देंगे। उन्होंने ट्वीटर पर इस बात की जानकारी दी है। बता दें कि केंद्र सरकार के नए कृषि कानूनों के खिलाफ राकेश टिकैत ने देशव्यापी किसान आंदोलन छेड़ा था। उनके आंदोलन के दबाव में ही सरकार को कृषि कानूनों को वापस लेना पड़ा था। उनके चौसा आने की खबर से आंदोलन रत किसानों का हौसला बढ़ा है। एलएनटी कंपनी किसानों की अधिग्रहित जमीन का मुआवजा 2013 के रेट से दे रहीहै। जबकि किसान आज के रेट से मुआवजा की मांग पर पिछले तीन महीने से आंदोलन कर रहे है।

### बिजली चोरी के खिलाफ चलाया गया अभियान, एक धराया

**डुमरांव।** बिजली कंपनी के अधिकारियों ने बिजली चोरी के खिलाफ शहर में डोर-टू-डोर छापेमारी अभियान चलाया। इस दौरान चोरी से बिजली जलाने के आरोप में एक उपभोक्ता को चिन्हित कर उस पर जुमार्ना लगाते हुए एफआईआर दर्ज कराया गया है। कनीय विद्युत अभियंता मनीष कुमार ठाकुर के नेतृत्व में चलाये गये इस अभियान के तहत अवैध रूप से बिजली ऊर्जा का उपयोग करने वाले प्रदीप कुमार के खिलाफ 5490 रुपये का जुमार्ना लगाते हुए डुमरांव थाने में मामला दर्ज कराया गया है। एफआईआर टाउन जेई मनीष ने दर्ज कराया है। पुलिस ने बताया कि आरोपी के ऊपर विद्युत अधिनियम 2003 की धारा 135 के तहत मामला दर्ज किया गया है।


### युवक की पिटाई मामले में आठ पर प्राथमिकी दर्ज

**डुमरांव।** नया भोजपुर ओपी थाना क्षेत्र के स्थानीय गांव में विवाद को लेकर एक युवक की पिटाई किये जाने का मामला प्रकाश में आया है। इस मामले में पीड़ित ने आठ लोगों के खिलाफ स्थानीय थाने में आवेदन देकर नामजद केस दर्ज कराया है। पुलिस मामले को दर्ज कर अनुसंधान शुरू कर दी है। पीड़ित कृष्णाब्रह्म थाना क्षेत्र के ढकाइच गांव निवासी अरुण दुबे बताया जाता है। पीड़ित ने अपने आवेदन में बताया है कि वह नया भोजपुर स्थित अपनी जमीन की नापी करा रहा था। इसी दौरान निर्मल गुप्ता, संतोष गुप्ता सहित आठ लोग आ धमके तथा मेरे साथ गाली-गलौज करते हुए पिटाई कर दी। थानाध्यक्ष सुबोध कुमार ने बताया कि पुलिस मामले को दर्ज कर जांच-पड़ताल शुरू कर दी है।

# बक्सर एसपी की चेतावनी... यदि अपराधी बचेंगे तो थानाध्यक्ष नपेंगे

- एसपी मनीष कुमार ने रात में जिले के थानों का किया औचक निरीक्षण
- अपने-अपने क्षेत्र के उप्रदवियो की सूची बनाकर जल्द देने का निर्देश
- थाने में आने वाले फरियादियों के साथ अच्छा व्यवहार करें

केटी न्यूज/बक्सर



बक्सर के नए एसपी मनीष कुमार शनिवार को एक्शन मोड में नजर आए। दिन की ड्यूटी पूरी करने के बाद वे रात में जिले के थानों का हाल लेने निकल पड़े। इसके जरिए उन्होंने अपना इरादा जता दिया है कि पुलिस की ड्यूटी 24 घंटे की है। साथ ही लॉ एंड ऑर्डर के साथ लापरवाही किसी कीमत पर बर्दाश्त नहीं की जाएगी। बहरहाल पुलिस कप्तान के औचक निरीक्षण की जानकारी मिलते ही पुलिसकर्मियों में हड़कंप मच गया। इस दौरान उन्होंने थानाध्यक्षों के साथ पेंडिग मामलों की समीक्षा की।

एसपी ने मुख्यमंत्री के 18 जनवरी को होने वाले कार्यक्रम को लेकर सभी थानाध्यक्षों को सख्त निर्देश दिए। एसपी ने कहा कि कोई भी लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। वहीं 26 जनवरी गणतंत्रत दिवस व सरस्वती पूजा के पर्व को भी शांतिपूर्ण निपटाने को लेकर भी निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि अपने-अपने क्षेत्र के उप्रदवियो व राजनितिक उपद्रवियों की सूची बनाकर जल्द उन्हें सौंपे। एसपी मनीष कुमार ने साफ कर दिया कि यदि अपराधी बचेंगे तो थानाध्यक्ष नपेंगे। किसी कीमत पर कोई रियायत नहीं की जाएगी। अपराध की रोकथाम थानाध्यक्ष की जिम्मेदारी है। इसमें जरा भी लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। रात्रि गश्त, वांछितों, इनामियों की गिरफ्तारी प्राथमिकता के साथ करें। एसपी मनीष कुमार ने कहा कि पुलिस का काम जनता की सुरक्षा और अपराधियों को सलाखों के पीछे पहुंचाना है। इसमें लापरवाही न हो। थाने में आने वाले फरियादियों के साथ पुलिसकर्मी अच्छा व्यवहार करें, जिससे पीड़ित अपनी समस्या को बेहिचक कह सके।

### पुलिस पब्लिक फ्रेंडली को बढ़ावा देने पर जोर

नये एसपी ने पुलिस व पब्लिक के बीच फ्रेंडली को बढ़ावा देने पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि अपराध पर नियंत्रण करने के लिए जरूरी है कि पुलिस को जनता का सहयोग मिले। यह तभी संभव है जब पुलिस का व्यवहार जनता के प्रति फ्रेंडली रहे। एसपी ने हाल में चौसा के बनारपुर व सिमरी के नियाजीपुर में हुई घटनाओं की पुनरावृति पर हर हाल में लगाम लगाने का निर्देश पुलिसकर्मियों को दिया है।

### समाधान यात्रा को देख एसपी गंभीर

मनीष कुमार ने हाल ही में बक्सर एसपी का पदभार ग्रहण किया है। उनके पदभार ग्रहण करते ही चौसा में पुलिस पब्लिक के बीच जबर्दस्त भिड़ंत हुई है। 18 जनवरी को मुख्यमंत्री नीतीश कुमार समाधान यात्रा पर बक्सर आ रहे हैं। ऐसे में किसी संभावित अप्रिय घटना को रोकने के लिए एसपी सख्त हुए हैं। एसपी के इस तेवर से जहां अपराधियों व तस्करों की बेचैनी बढ़ गई है वही पुलिसकर्मी भी चौकने हो गए हैं।

## सीएम नीतीश कुमार के समाधान यात्रा की तैयारी की कवायद शुरू

# 5 साल में तीसरी बार बन रहा महरौरा पथ पूर्व के निर्माण की गुणवत्ता पर उठे सवाल

- नगर परिषद के अधिकारियों व संवेदकों के लिए कामधेनु बन गई है यह सड़क

केटी न्यूज/डुमरांव



महरौरा पथ का पीसीसीकरण करते मजदूर

स्टेशन रोड से महरौरा गांव को जाने वाली सड़क अधिकारियों तथा संवेदकों के लिए कामधेनु बन गई है। पिछले पांच साल के अंदर तीसरी दफे इस सड़क का निर्माण करना पड़ रहा है। जिससे पूर्व के निमार्णों के गुणवत्ता की कलई खुल रही है। बता दें कि सबसे पहले इस सड़क का पक्कीकरण मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के आगमन को लेकर किया गया था।

इस बार भी 18 जनवरी को मुख्यमंत्री नीतीश कुमार समाधान यात्रा के दौरान बक्सर आएंगे। ऐसी जानकारी मिल रही है कि महरौरा रोड स्थित वीर कुंवर सिंह कृषि कॉलेज में वे समीक्षा बैठक करने वाले है। जिस कारण जर्जर हो चुकी इस सड़क को पीसीसी किया जा रहा है। हाल के वर्षो में इस सड़क को लेकर काफी चचाएं भी हुई है। पहली बार सड़क निर्माण के बाद ग्रामीणों को उम्मीद जगी थी कि अब उनका गांव भी मुख्यधारा से जुड़ेगा तथा विकास की गंगा बहेगी। लेकिन सड़क के साथ ही ग्रामीणों की उम्मीदें दरकने में भी ज्यादा वक्त नहीं लगा। जाहिर है न तो गांव का विकास हो पाया और न ही सड़क ही सही सलामत बच पाई है। दूसरी दफा सड़क बनने के बाद भी ग्रामीण उत्साहित हुए थे। लेकिन फिर जल्दी ही यह सड़क टूट फूट गई। अब एक बार फिर से नगर परिषद प्रशासन द्वारा इस सड़क का निर्माण कराया जा रहा है। देखना है इस बार यह सड़क कितने वर्षों तक चलने लायक बन पा रही है।

गौरतलब है कि इसके पहले दोनों बार इस सड़क के निर्माण में बड़े पैमाने पर लूट खसोट की गई थी। इस संबंध में पूर्व पार्षद सोनू राय ने कहा कि आखिर क्या कारण है कि दो बार इस सड़क का निर्माण के बाद तीसरी बार भी निर्माण करना पड़ रहा है। उन्होंने कहा कि एक तरफ नगर परिषद बोर्ड को भंग कर दिया गया है। वार्ड पार्षदों के माध्यम से कोई काम नहीं करवाया जा रहा है तो दूसरी तरफ नगर परिषद सीधे काम करा भ्रष्टाचार को बढ़ावा दे रहा है। उन्होंने कहा कि इस सड़क निर्माण की जांच होनी चाहिए।

### जाम से निजात पाने के लिए बाइपास के रूप में हो रहा है महरौरा पथ का उपयोग

कृषि कॉलेज को जोड़ने के साथ ही यह सड़क अनुमंडल के परिवहन की धूरी बन गई है। मुख्य बाजार में लगने वाले जाम से निजात पाने के लिए वाहन चालक इस सड़क का उपयोग बाइपास सड़क के रूप में कर रहे है। जिस कारण पूरे दिन इस पथ पर हजारों छोटे बड़े वाहनों का परिचालन होता है। क्षमता से अधिक भारी वाहनों के परिचालन से भी यह सड़क जल्दी टूट रही है। बता दें कि कृषि कॉलेज मोड़ से टेढ़की पुल तक डुमरांव बिक्रमगंज पथ सड़क को बाइपास करने वाली महरौरा पथ स्थानीय परिवहन व्यवस्था के लिए काफी महत्वपूर्ण है। बावजूद इस सड़क के निर्माण में गुणवत्ता का ख्याल नहीं रखा जाना कई सवाल खड़े कर रहा है।

## केंद्रीय राज्यमंत्री के काफिले को स्कॉट कर रही पुलिस की गाड़ी नहर में पलटी



अनुमंडलीय अस्पताल में इलाजरत जवानों का हाल जानते डुमरांव एसडीओ व अन्य

केटी न्यूज/बक्सर

कोरानसराय थाना क्षेत्र में देर रात पुलिस की गाड़ी सोन नहर में पलटी गई। घटना मठिला कोरानसराय मार्ग पर सनकी पुल के पास की है। जब क्षेत्र में भ्रमण कर रहे केंद्रीय राज्यमंत्री सह सांसद अश्विनी कुमार चौबे का काफिला बक्सर जिला मुख्यालय से पटना जा रहा था। सांसद के काफिले को स्कॉट करने के लिए पुलिस जवानों को लगाया गया था। लेकिन, जैसे ही स्कॉट पार्टी सनकी पुल के पास पहुंची, जहां सड़क संकीर्ण होने के कारण चालक अनियंत्रित हो गया। जिसके कारण पुलिस की गाड़ी नहर में जा गिरी।

जिसमें महिला जवान समेत पांच पुलिस कर्मी जख्मी हो गए। मामले की जानकारी थानाध्यक्ष रंजीत कुमार को दी गई। जिसके बाद उन्हें इलाज के लिए पटना एम्स रेफर किया गया। जहां सभी का प्राथमिक उपचार किया गया। घायल सिपाहियों में कनिष्का तिवारी, सुभम कुमार, मृतुंजय कुमार, राकेश कुमार व मोहमद अंसार शामिल हैं। जिनमें कनिष्का व सुभम को गंभीर चोट लगने के कारण सदर अस्पताल रेफर कर दिया गया। वहीं, चिकित्सक सुमित सौरभ ने बताया कि घटना में दोनों सिपाहियों को सीने में चोट लगी है। जिसके कारण उनकी हालत गंभीर है। वहीं, मामले में केन्द्रीय मंत्री अश्विनी चौबे ने कहा कि गाड़ी कतार में जा रही थी। उसी में स्थानीय थाने की गाड़ी आगे आगे चल रही थी। जो सनकी पुलिया से पहले सड़क में बने गढ्ढे में अचानक पड़ी और वाहन अनियंत्रित होकर नहर में दाहिने साइड जा गिरी। रेफर किया गए दोनों जवानों को मैं स्वयं एम्स पटना लेकर जा रहा हूं।

## मकर संक्रांति



**बक्सर।** रविवार को मकर संक्रांति का त्योहार उल्लास के साथ संपन्न हो गया। मुख्य रूप से सूर्य के धनु राशि से निकल मकर राशि में प्रवेश तथा उनके उतरायण होने से जुड़ा यह पर्व कई मायने में खास होता है। इस पर्व के साथ कई मान्यताएं जुड़ी है। जिसका नजारा भी रविवार को देखने को मिला। भयंकर शीतलहर के बावजूद सुबह से ही लोग नहा धो शुभ्र वस्त्र पहन दान पूण्य किए। इसके बाद परंपरागत तरीके से सुबह में चूड़ा दही, तिलकुट तथा रात में खिचड़ी खा इस परंपरा का निर्वहन किए। दोपहर में लोगों की भीड़ खेतों में भी चने का साग खाने उमड़ी थी। शहरों के साथ ही ग्रामीण क्षेत्रों में भी लोगों की दिनचर्या ऐसी ही रही। मान्यता है कि इस दिन दान पूण्य का विशेष लाभ मिलता है।मकर संक्रांति फसली त्योहार है तथा यह खरीफ फसलों के तैयार होने के बाद मनाया जाता है। देश के अलग अलग हिस्सों में इसे अलग अलग नामों से भी जाना जाता है।

### पौधरोपण कर मनाया मकर संक्रांति

**डुमरांव।** नेहरू युवा क्लब बक्सर से संबंद्ध नेहरू युवा विकास समिति डुमरांव ने रविवार को मकर संक्रांति के मौके पर पौधरोपण किया। यह पौधरोपण भोजपुर राजवाहा के किनारे किया गया। पौधा लगाते हुए क्लब के सचिव सह पूर्व एनवाईसी संजय कुमार सिंह ने बताया कि पौधरोपण सबसे बड़ा पूण्य का काम है। उन्होंने कहा कि जिस तरीके से हमारा पर्यावरण दूषित हो रहा है उसे बचाने का एकमात्र उपाय पौधरोपण ही है। उन्होंने कहा कि पौधा लगाने के साथ ही उसका देखभाल भी करना चाहिए। पौधरोपण के साथ ही उसकी घेराबंदी भी की गई। ताकी आवारा पशु उसे अपना निवाला नहीं बना सके। वहीं मौके पर उपस्थित विमलेश सिंह ने कहा कि एक पौधा भगवान भास्कर के नाम पर लगाया जा रहा है। मौके पर कमलेश कुमार, माधव सिंह, रोशनी, अमरजीत, रामलाल, हरे राम, आदित्य सुमन आदि मौजूद रहे।

## घुड़दौड़ प्रतियोगिता में नियाजीपुर के हीरा यादव का घोड़ा रहा अव्वल

केटी न्यूज/नावानगर



प्रतियोगिता में मंचासीन अतिथिगण

मकर संक्रांति पर सिकरौल लख पर घुड़दौड़ प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें नियाजीपुर के हीरा यादव का घोड़ा अव्वल रहा। अव्वल घुड़सवार को मुख्य अतिथि ने शील्ड देकर पुरस्कृत किया। बता दें कि घुडदौड प्रतियोगिता में स्थानीय जिला के विभिन्न गांवों के अलावा भोजपुर एवं रोहतास जिला से 45 घुड़सवारों ने हिस्सा लिया था। जिसका उद्घाटन करहगर के पूर्व जिप सदस्य सीमा कुशवाहा ने फीता काटकर किया। उद्घाटन के बाद आयोजक सिकरौल पंचायत के सरपंच पवन सिंह ने सभी आगंतुकों को अंगवस्त्र से सम्मानित किया। आयोजक पवन सिंह ने बताया कि घुड़सवारों को पांच टीम में बांटकर प्रतियोगिता करवाई गई। सभी टीम से प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले घुड़सवारों के बीच फाइनल प्रतियोगिता कराया गया। जिसमें नियाजीपुर गांव के घोड़ा अव्वल रहा। वहीं, दूसरे स्थान पर अतिमी के इंद्रदेव सिंह रहे। मौके पर समाजसेवी ओमप्रकाश सिंह, सिकरौल पंचायत के पूर्व मुखिया विभोर कुमार द्विवेदी, करहसी पंचायत के मुखिया छोटू सिंह, पीरो पैक्स अध्यक्ष राजेश कुशवाहा समेत अन्य थे।

### 496 लीटर जब्त अंग्रेजी और महुआ शराब किया गया विनष्ट

**नावानगर।** प्रखंड के दो थाना व दो ओपी परिसर में जब्त 496 लीटर अंग्रेजी एवं महुआ शराब शनिवार को विनष्ट किया गया। कुल आठ मामलों में जब्त शराब शराब विनष्टीकरण के लिए प्रतिनियुक्ति मजिस्ट्रेट सह सीओ अजीत कुमार सिंह की उपस्थिति में किया गया। इस विनष्किरण की करवाई में महुआ व अंग्रेजी शराब शामिल था। इसकी जानकारी देते हुए सीओ अजीत कुमार ने बताया कि नावानगर थाना द्वारा तीन कांडों में जब्त 323 लीटर अंग्रेजी तथा 14 लीटर महुआ शराब को थाना परिसर में ही विनष्ट कर दिया गया। वहीं सिकरौल थाना में एक कांड में जब्त 92 लीटर अंग्रेजी शराब, वासुदेवा ओपी में तीन कांडों में जब्त 37 लीटर देशी शराब तथा सोनवर्षा ओपी में एक कांड में जब्त 30 लीटर देशी शराब को वाहनों के नीचे रौंद कर व गड्ढे में गिराकर विनष्ट कर दिया गया।

## ट्रैक पार करने के दौरान ट्रेन की चपेट में आने से महिला का कटा पैर, रेफर

- शौच के लिए डाउन लाइन पार करने के दौरान हुआ हादसा

केटी न्यूज/डुमरांव

स्थानीय रेलवे स्टेशन के डाउन ट्रैक को पार करने के दौरान एक महिला ट्रेन की चपेट में आ गई। जिससे उसका बाया पैर कट गया। रेल प्रशासन द्वारा उसे आनन फानन में इलाज के लिए डुमरांव अनुमंडलीय अस्पताल पहुंचाया गया। जहां प्राथमिक इलाज के बाद डाक्टरों ने उसे हायर सेंटर रेफर कर दिया है। जख्मी महिला धर्मशीला देवी उम्र 35 वर्ष मुरार थाना क्षेत्र के कोन्ही बंजरिया के संतोष कुमार सिंह की पत्नी है।

बताया जाता है कि वह अपने अपने एक रिश्तेदार के घर कृष्णाब्रह्म थाना क्षेत्र के ठाकुर दयाल सिंह के डेरा जाने के लिए घर से निकली थी। डुमरांव स्टेशन से वह पैसेंजर टेज्न पकड़ टुड़ीगंज जाने वाली थी। ट्रेन के इंतजार के दौरान ही संभवतः शौच के लिए वह डाउन ट्रैक को पार कर रही थी। इसी दौरान गरीब रथ एक्सप्रेस आ गई। जिसके चपेट में आने से महिला जख्मी हो गई। लोगों का कहना है कि गनीमत थी कि सिर्फ उसका पैर ही कटा। जीआरपी द्वारा मामले की जानकारी उसके परिजनों को दी गई।

जानकारी मिलते ही परिजन दौड़े भागे अनुमंडलीय अस्पताल पहुंचे। महिला के जख्मी होने से परिजनों की चिंता बढ़ गई है। मिली जानकारी के अनुसार प्राथमिक इलाज के बाद उसे पटना रेफर किया गया है। जीआरपी के पोस्ट प्रभारी अजय कुमार सिंह ने इसकी पुष्टि करते हुए बताया कि महिला के जख्मी होने के बाद तत्काल उसे अस्पताल पहुंचा प्राथमिक इलाज करवाया गया।

## वाराणसी से बक्सर पहुंचा गंगा विलास क्रूज, ढोल नगाड़ों के साथ हुआ सैलानियों का स्वागत

# प्रधानमंत्री मोदी ने दुनिया में किया है भारत का नाम रौशन: अश्विनी चौबे

- सैलानियों से मिल केन्द्रीय मंत्री ने भेंट की श्रीराम कर्मभूमि न्यास का पत्रक, बताया बक्सर का धार्मिक महत्व

केटी न्यूज/बक्सर

चर्चित गंगा विलास क्रूज शनिवार की शाम एक बार फिर से बक्सर पहुंचा। जहां प्रशासनिक अधिकारियों ने सैलानियों का स्वागत ढोल नगाड़ो के साथ किया। जबकि सुबह में केन्द्रीय राज्य मंत्री सह स्थानीय सांसद अश्विनी कुमार चौबे ने भी सपरिवार सैलानियों से मुलाकात कर उन्हें बक्सर के धार्मिक व आध्यात्मिक महत्व को बताया तथा उन्हें श्रीराम कर्मभूमि न्यास का पत्रक भी भेंट किया। केन्द्रीय मंत्री ने



अतिथि सैलानियों को सम्मानित करते केंद्रीय मंत्री

बताया कि बक्सर भगवान श्रीराम व उनके भाई लक्ष्मण की शिक्षा स्थली रही है। जबकि यह महर्षि विश्वामित्र की तपोभूमि भी है। उन्होंने कहा कि यहा भगवान वामन का जन्म भी हुआ था। जबकि प्रभु श्रीराम ने अहिल्या को श्राप से मुक्ति दिलाई थी। क्रूज पर देसी व विदेशी को मिला कुल 31 सैलानी सवार है।

बता दें कि 13 जनवरी को यह क्रूज वाराणसी से डिब्रूगढ़ के लिए रवाना हुआ है। बक्सर आने के साथ ही क्रूज के सैलानी व्यापक सुरक्षा व्यवस्था के बीच बक्सर शहर में घूमने के लिए गए और फिर वापस लौट क्रूज पर चले गए।



जरूरतमंद लोगों को कंबल वितरण के दौरान मंत्री अश्विनी कुमार चौबे

रविवार को सुबह उनसे मिलने पहुंचे केन्द्रीय मंत्री ने सैलानियों को मकर संक्रांति की शुभकामनाएं दी तथा उन्हें स्मृति चिन्ह प्रदान किया। क्रूज में सवार संचालक राज सिंह ने केंद्रीय मंत्री को क्रूज में उपलब्ध सुविधाओं के बारे में जानकारी दी। जिससे केन्द्रीय मंत्री संतुष्ट दिखे। उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का आभार जताते हुए कहा कि यह यात्रा पर्यटन को बढ़ावा देने वाली होगी। उन्होंने कहा कि सैलानियों के आने से अर्थव्यवस्था मजबूत होगी तथा रोजगार का सृजन होगा।

केंद्रीय मंत्री अश्विनी कुमार चौबे ने कहा कि प्रधानमंत्री के नेतृत्व में नया भारत पूरी दुनिया में आकर्षण का केंद्र बना हुआ है। आज पूरी दुनिया भारत को घूमना, जानना और देखना चाहती है। पीएम मोदी ने भारत की राजनीति को ही नहीं बदला, विश्व में देश का मान भी बढ़ाया है।

प्रेस वार्ता के दौरान केंद्रीय मंत्री ने कहा कि यह रिवर क्रूज यात्रा नदी किनारे स्थित शहरों में पर्यटन और रोजगार के दृष्टिकोण से मील का पत्थर साबित होगी। लंबे समय तक गंगा पट्टी के विकास को अवरुद्ध किया गया था। प्रधानमंत्री का यह प्रयास जल पर्यटन को बढ़ावा देगा। जबकि इस क्रूज के माध्यम से विदेशी सैलानी भारत के मजबूत रहे प्राचीन ऐतिहासिक, आध्यात्मिक एवं सांस्कृतिक झलक देख सकेंगे जबकि उन्हें नया भारत का स्वरूप भी देखने को मिलेगा।

## छोटी खबरें

### एसएचओ को कारण बताओ नोटिस जारी

**बलिया।** मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी हरिशचंद्र की अदालत ने आदेश के अवमानना हेतु एसएचओ सिकंदरपुर के विरूद्ध कारण बताओ नोटिस जारी करते हुए स्पष्टीकरण मांगा है। जवाब देने हेतु तलब भी किया है। अदालत ने पूछा कि क्यों ना आपके विरूद्ध विधिक कार्यवाही हेतु एसपी को पत्र प्रेषित किया जाए। सरकार बनाम प्रकाश थाना सिकंदरपुर के मामले में कोर्ट द्वारा चोरी के अभियुक्त व गाड़ी के बाबत स्पष्ट रिपोर्ट कई बार मांगी गई। एसएचओ कई तिथियों से आदेश की अवहेलना कर रहे है। इसके परिणाम स्वरूप अदालत सख्त रूख अख्तियार करते हुए उक्त आदेश पारित किया है।

### सड़क हादसे में एक की मौत

**मऊ।** जिले में कोहरे के कारण अनियंत्रित कार ने ऑटो को पीछे से टक्कर मार दी। ऑटो सड़क से दूर खेत में जाकर पलट गया। हादसे में ऑटो सवार 4 लोगों में से एक की मौके पर मौत हो गई। हादसे के बाद कार सवार सभी लोग फरार हो गए। वहीं घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया गया। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। पूरा मामला थाना हलधरपुर क्षेत्र के गढ़वा का है। जहां बलिया लखनऊ हाईवे पर ऑटो को पीछे से कार ने टक्कर मारी। राहगीरों की सूचना पर मौके पर पहुंची एंबुलेंस ने घायलों को जिला अस्पताल में भर्ती कराया। स्थानीय लोगों ने बताया कि टक्कर लगने के बाद चार पहिया वाहन भी खेत में जाकर पलट गया। उसमें सवार सभी लोग मौके से फरार हो गए। ऑटो सवार में विजय नारायण की मौके पर मौत हो गयी। वहीं घायल ऑटो चालक सत्येंद्र कुमार, लालजी और संजय यादव का इलाज चल रहा है।

### जादू-टोना का भय दिखा किया दुष्कर्म

**मऊ।** जिले की रहने वाली युवती के साथ अपहरण और दुष्कर्म का मामला सामने आया है। मदरसे के हाफिज के साले ने पहले अपहरण किया, फिर उसे लेकर महराजगंज गया। जहां जादू-टोना का भय दिखाकर एक सप्ताह तक जीजा और साले ने बलात्कार किया। किसी को बताने पर घर वालों पर जादू-टोना करने का भय बनाया। इस मामले में पीड़िता के परिजनों ने थाने में अपहरण का मुकदमा दर्ज कराया था। पुलिस युवती की बरामदगी के लिए दबिश दे रही थी, शनिवार को पुलिस ने दोनों अभियुक्तों को नेपाल भागते समय महराजगंज के बॉर्डर से गिरफ्तार कर लिया औ? युवती को बरामद कर लिया। लड़की को नेपाल बार्डर स्थित महाराजगंज, सिसवा के मदरसे में ले जाया गया। जहां जबरिया जादू टोना और शारीरिक शोषण करने के मामले में मदरसे के हाफिज मो. इस्लाम और उसके साले मो. सलमान उर्फ राजू गिरफ्तार हुआ।

# गाजीपुर का नाम हमारे दिल को स्वाभिमान व गर्व से भर देता है: मनोज सिन्हा

केटी न्यूज/गाजीपुर

■ जम्मू कश्मीर के उप राज्यपाल ने अंबेडकर प्राथमिक विद्यालय का किया वर्चुवल लोकार्पण





जनपद का एक-एक पत्थर समरस समाज और शक्तिशाली राष्ट्र के लिए वीरता तथा बलिदान के सुनहरे कारनामों से भरा हुआ है। इसीलिए जब भी गाजीपुर का नाम आता है, तब उसकी कीर्ति, उसका यश हमारे दिल को स्वाभिमान और गर्व से भर देता है। यह बात आज जम्मू कश्मीर के उपराज्यपाल मनोज सिन्हा ने जमानिया तहसील के अशैचंदपुर गांव में भारतीय विमान पत्तन प्रधिकरण के सामाजिक दायित्व योजना के प्राथमिक विद्यालयों के आधुनिकीकरण एवं बुनियादी सुविधाएं प्रदान करने के अंतर्गत 47 लाख से निर्मित अंबेडकर प्राथमिक विद्यालय के वर्चुअली लोकार्पण अवसर पर कहा।

उन्होंने कहा कि गाजीपुर ही वह जगह है, जो राष्ट्रीय एकता को संगठित करने समाज की विभिन्नता को एक रूप बनाने का बिगुल फूंका था। अनेक स्वतंत्रता सेनानियों ने अनेक रणबांकुरों ने भारत की आजादी के सपने देखे भी, अपनी कुबार्नी भी दिए और देश को नई ऊर्जा देने के लिए अपना सर्वोच्च बलिदान भी किया। मनोज सिन्हा ने कहा कि यही नहीं पारस्परिक हितों और समाज कल्याण की भावना को लोगों में जागृत किया। यह गाजीपुर मेरे प्राणों की उर्जा है तथा मेरे जीवन का जीवन अस्तित्व का केंद्र बिंदु है। उन्होंने कहा कि शक्ति स्वरूपा इस धरती में दशकों विकास की उपेक्षा झेलने के बावजूद यहां के नागरिकों में कर्मठता और हौसलों का सागर भरा हुआ है। संकीर्णता जातिगत स्वार्थ से ऊपर उठकर शक्ति और विकास की संभावनाओं को साकार करने में अनेक लोगों ने अपना योगदान दिया है। विशेष रूप से विगत 8 वर्षों से देश की बागडोर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने संभाली तबसे सिर्फ देश कि राजनैतिक शब्दावली ही नहीं बदली, बल्कि देश की कार्यशैली भी बदली एवं नए भारत का नव निर्माण शुरू हुआ। जिसमें आर्थिक रूप से वंचित दलित आदिवासी वर्ग यह महसूस कर रहा है कि सही रूप में उन्हें सामाजिक न्याय का पूरा पूरा लाभ मिल रहा है। मिनोज सिन्हा ने विद्यालय परिवार और इसके निर्माण के प्रति समर्पित संस्थान तथा निर्माण संस्था का भी आभार प्रकट किया। अध्यक्षता कर रहे भानुप्रताप सिंह ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी के नेतृत्व मे गाजीपुर के विकास मानक की स्थापना के लिए सदैव समर्पित मनोज सिन्हा जी के प्रयास से गाजीपुर आज पूर्वांचल के केन्द्र बिंदु में है।

कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथी पूर्व राज्यमंत्री संगीता बलवंत, पूर्व प्रत्याशी रामनरेश कुशवाहा, रामराज बनवासी, भाजपा नेता अभिनव सिन्हा, प्रदेश कार्यसमिति सदस्य कृष्णबिहार राय, जिला महामंत्री ओमप्रकाश राय, प्रवीण सिंह, विजयशंकर राय, निदेशक अर्यमा सन्याल, रमेश सिंह पप्पू, मुराहू राजभर, विष्णु प्रताप सिंह, विनोद अग्रवाल, सोशल मीडिया संयोजक कार्तिक गुप्ता, आलोक शर्मा, मदनलाल भारती, मुन्ना मास्टर, इंदल बनवासी, हरीहर बनवासी, नगीना बनवासी, बिरजू बांसफोर, प्रेम गुप्ता, वीरेंद्र चौहान व अन्य मौजूद रहे।

## जनपद में नकली नोट छापने वाले गिरोह का भंडाफोड़, नोट के साथ पकड़े गए

# बड़ा खुलासा: नकली नोट के धंधे में संलिप्त अंतरराज्यीय गिरोह के छह सदस्य गिरफ्तार

■ पकड़े गए अभियुक्तों के पास से दो लाख दस हजार रुपए से अधिक नकली नोट बरामद

■ रिक्शा चालकों, सब्जी दुकान जैसे जगहों पर चलाते थे जाली नोट

केटी न्यूज/गाजीपुर



पकड़े गए आरोपियों के संबंध में जानकार देते एसपी



पुलिस द्वारा जब्त किए गए जाली नोट

पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर शहर कोतवाली पुलिस तथा क्राइम ब्रांच की टीम को एक बड़ी सफलता प्राप्त हुई है। टीम ने नकली नोट बनाने वाले अंतर्राज्यीय गिरोह के छह लोगों को गिरफ्तार किया है। उनके कब्जे से भारी मात्रा में नकली नोट भी बरामद किया गया है। रविवार को पुलिस अधीक्षक कार्यालय में आयोजित प्रेसवार्ता में पुलिस अधीक्षक ओमवीर सिंह ने अभियुक्तों को मीडिया के समक्ष पेश किया। उन्होंने बताया कि गिरफ्तार अभियुक्तों के पास से दो लाख दस हजार से अधिक नकली नोट बरामद किया गया है।

पुलिस कप्तान ने बताया कि शनिवार की शाम कोतवाली पुलिस और क्राइम ब्रांच की संयुक्त टीम ने सदर कोतवाली क्षेत्र के आरटीआई ग्राउंड से नकली नोट बनाने और इन नोटों को बाजार में सप्लाई करने वाले अंतर्राज्यीय गिरोह के छह सदस्यों को गिरफ्तार किया। गिरफ्तार अभियुक्तों के कब्जे से 500 की 369, 200 की 1 और 100 के कुल 261 नकली नोट कुल 2,10,800 रुपये के नोट के साथ ही प्रिंटर मशीन व नकली नोट बनाने में इस्तेमाल किए जाने वाले पेपर व नोट पर चिपकाने वाली एक चमकीली हरी पट्टी के साथ ही तीन मोटर साइकिल बरामद की गई। एसपी ने बताया कि गिरफ्तार लोगों में सादात थाना क्षेत्र के मौधिया निवासी विकास वर्मा, नोनहरा थाना के खतिरपुर निवासी संजय कुमार दुबे उर्फ पप्पू दुबे, गहमर थाना क्षेत्र के पचौरी हाल पता छोटा ब्रह्म स्थान गोराबाजार निवासी अमर ज्योति मौर्या उर्फ छोटू, जमानियां कोतवाली क्षेत्र के नई बस्ती निवासी फिरोज शाह, गहमर के पचौरी निवासी नीरज सिंह और जमानियां के बेटाबर कला निवासी संतोष यादव उर्फ डब्लू शामिल है।

एसपी ने बताया कि पूछताछ में अभियुक्तों ने बताया कि हम लोग गैंग बनाकर अपने तथा अपने साथियों के आर्थिक, भौतिक एवं बुनियादी लाभ के लिए धन अर्जित करने के लिए जाली नोटों को तैयार करते थे। उनका संग्रहण और भारतीय बाजार में प्रचलन/वितरण जैसे छोटे-छोटे बाजारों व अन्य राज्य बिहार से लेकर उत्तर प्रदेश व अन्य जनपदों में छोटे दुकानदारों सब्जी बेचने वालों/रिक्शा चलाने वाले को बड़ी नोट देकर तथा कुछ सामान लेकर पैसा इकठ्ठा करते थे। अभियुक्तों को गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम में सदर सीओ गौरव कुमार, सदर प्रभारी निरीक्षक तेज बहादुर सिंह, स्वाट टीम प्रभारी रामाश्रय राय, सर्विलास प्रभार सुनील कुमार, उपनिरीक्षक अमित पांडेय, हेड कांस्टेबल आशुतोष स्वाट टीम, हेड कांस्टेबल विकास श्रीवास्तव, हेड कांस्टेबल विनित कुमार, कांस्टेबल चन्दन मणि त्रिपाठी, कांस्टेबल जयंत सिंह, कांस्टेबल अजय प्रसाद, कांस्टेबल राकेश सोनकर, कांस्टेबल ओम प्रकाश सिंह, कांस्टेबल राघवेन्द्र सिंह, कांस्टेबल चन्द्रदेव, कांस्टेबल शैलेन्द्र और कांस्टेबल देवानन्द शामिल थे।

## बैलेट पेपर से चुनाव होने पर प्रदेश में होगी बसपा की सरकार: उमाशंकर

**बलिया।** टाउन हाल के बापू भवन में बसपा सुप्रीमो मायावती के जन्मदिन पर रविवार को विभिन्न कार्यक्रम आयोजित हुए। इसमें महिलाओं के बीच साड़ी का वितरण हुआ और लोगों को मिष्ठान खिलाया गया। जन्मदिन कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विधायक उमाशंकर सिंह ने कहा कि हमें एकजुट होने की आवश्यकता है। यदि आप लोगों के बहकावे में आकर इधर से उधर गये तो फिर मायावती देश की प्रधानमंत्री नहीं हो सकती है। आवश्यकता है कि आप सब एकजुट होकर मायावती को प्रधानमंत्री बनाने का संकल्प लें और सबको जागरूक करें। ईवीएम को लेकर बसपा विधायक ने कहा कि बसपा सुप्रीमो मायावती का कहना यह है कि जबसे उप्र में भाजपा सरकार आयी है तब से ईवीएम के चलते हमारे वोट को भाजपा के वोट में बदल दिया जा रहा है। जिस दिन बैलेट पेपर से चुनाव होना शुरू हो जाएगा उस दिन बहुजन समाज पार्टी सबसे बड़ी पार्टी होगी। उत्तर प्रदेश और देश में हमारी सरकार होगी। विकास के सवाल पर विधायक उमाशंकर सिंह ने कहा कि लखनऊ में जो भी विकास दिख रहा है वो मायावती सरकार की है। यदि बसपा सरकार के कार्यकाल में हुए कार्यों को लखनऊ से हटा दिया जाए तो लखनऊ में विकास शून्य साबित होगा। उन्होंने कहा कि जो भी विदेश से पर्यटक आते है उन्हें मायावती द्वार कराये गये विकास कार्यों को ही दिखाया जाता है क्योंकि भाजपा सरकार में कोई भी विकास कार्य नहीं हुए है। निकाय चुनाव पर कहा कि उत्तर प्रदेश निकाय चुनाव में बसपा हर सीटों पर चुनाव जीतेंगी। क्योंकि निकाय चुनाव बैलेट पेपर से होगा।

## दहेज हत्या मामले में आरोपी पति, सास और ससुर को पुलिस ने किया गिरफ्तार

केटी न्यूज/गाजीपुर



गहमर पुलिस ने विवाहिता के दहेज हत्या के मामले में आरोपित पति सहित सास व ससुर ससुर को उसके घर से ही गिरफ्तार कर लिया।

बताया जाता है कि बिहार के कैमूर भभुआ स्थित फुल्ली कुदरा निवासी रामध्यान कुम्हार ने गहमर थाने में शनिवार को तहरीर देकर अपनी पुत्री ज्योति (24) को दहेज में सामानों की मांग पूरी नहीं करने पर गहमर थाना क्षेत्र के देवल गांव निवासी विवाहिता के पति सूरज प्रजापति पुत्र सुभाष प्रजापति, सास किरण देवी व ससुर सुभाष प्रजापति पर जान से मारने का आरोप लगाया था। इसके बाद गहमर पुलिस ने मृतका के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजते हुए मुकदमा दर्ज कर आरोपितों की तलाश में जुट गई थी। मुकदमा दर्ज होने के बाद से ही थाना प्रभारी निरीक्षक पवन कुमार उपाध्याय ने आरोपियों के गिरफ्तारी के लिए एक टीम गठित कर संभावित ठिकानों पर दबिश दी जा रही थी। गहमर पुलिस ने रविवार की सुबह आरोपी के देवल गांव स्थित घर पर ही होने की जानकारी मिलने के बाद दबिश देकर सभी आरोपी पति सूरज, सास किरण देवी व ससुर सुभाष प्रजापति को गिरफ्तार कर विधिक कार्रवाई करते हुए जेल भेज दिया।

## एक नजर

### बलिया समेत प्रदेश के कई जिलों में 16 से 19 जनवरी तक जारी रहेगा येलो अलर्ट



**बलिया।** न्यूनतम तापमान के ऊपर आने और कोहरे से निजात मिलने के बाद कड़ाके की ठंड से फिलहाल थोड़ी राहत मिली है। हालांकि, मौसम विभाग की मानें तो लोगों को ठंड से मिलने वाली ये राहत ज्यादा दिनों तक नहीं रहने वाली। जल्द ही कड़ाके की सर्दी फिर से लोगों को ठिठुरने पर मजबूर कर देगी। आगामी दो-तीन दिनों के दौरान चार से छह डिग्री तापमान में गिरावट संभव है। हालात को देखते हुए आजमगढ़, मऊ और बलिया समेत कई जिलों में 16 से 19 जनवरी तक येलो अलर्ट जारी किया गया है। वाराणसी समेत पूर्वांचल के आसपास के जिलों में पिछले तीन-चार दिन से दिन में अच्छी धूप हो रही है। पछुआ हवाएं भी नहीं चल रही है। तापमान में भी बढ़ोतरी जारी है। इस वजह से लोग राहत महसूस कर रहे हैं। रविवार को भी कुछ ऐसा ही मौसम रहा। मौसम वैज्ञानिक एसएन पांडेय का कहना है कि दो दिन बाद से एक बार फिर मौसम का मिजाज बदलेगा। घने कोहरे के साथ ही ठंड भी बढ़ने की संभावना है। मौसम विभाग की मानें तो पश्चिमी विक्षोभ के सक्रिय होने से पर्वतीय राज्यों में भारी बर्फबारी शुरू हो गई है। वहां से आने वाली बफीर्ली हवाओं के चलते प्रदेश में आगामी दो-तीन दिनों के दौरान 4 से 6 डिग्री तापमान में गिरावट संभव है। शनिवार को पश्चिमी यूपी ज्यादातर हिस्सों में 3 से 8 डिग्री तक तापमान में गिरावट दर्ज की गई। यह गिरावट आगे भी जारी रहेगा।

### पंचतत्व में विलीन हुए मनीष कुमार दूबे



**बलिया।** सपा छात्र सभा के प्रदेश सचिव व टीडी कालेज के पूर्व महामंत्री मनीष कुमार दूबे मनन को सपा कार्यालय से रविवार को अंतिम विदाई दी गई। इस दौरान अंतिम यात्रा में भारी जनसैलाब उमड़ा। लोग मनन को याद करके सिसकिया ले रहे थे वहीं बहुतेरे की आंखें नम थी। इस दौरान मनन दूबे आप हमेशा मेरे दिल में रहोगे का नारा भी गूंजता रहा। जब तक सूरज चांद रहेगा मनन तेरा नाम रहेगा। बताते चलें कि शहर से सटे निधरिया नईबस्ती में शनिवार की सुबह विद्युत करंट की चपेट में आने से मनन दूबे की मौत हो गई थी। जिसके बाद पूरे जिले में जैसे यह खबर फैली जो जहां थे, अस्पताल की ओर चल पड़े थे। देररात तक उनके दरवाजे पर हजारों शुभेच्छुओं का आनाजाना लगा रहा। रविवार की सुबह उनका पार्थिव शरीर उनके घर के आंगन से जैसे ही निकला परिजन दहाड़े मारकर रोने लगे। जिसे देखकर बरबस ही लोगों की आंखों में आंसू छलकने लगा। इसके बाद शवयात्रा टीडी कालेज छात्रसंघ भवन होते हुए सपा कार्यालय पहुंची, जहां सपा छात्रसभा के प्रदेश अध्यक्ष दिग्विजय सिंह देव, इलाहाबाद छात्र संघ के पूर्व अध्यक्ष अवनीश यादव भी अंतिम यात्रा में शामिल रहे। वहीं पूर्व मंत्री रामगोविंद चौधरी, पूर्व मंत्री नारद राय, पूर्व विधायक सनातन पांडेय, पूर्व विधायक सुभाष यादव पूर्व चेयरमैन लक्ष्मण गुप्ता, पूर्व चेयरमैन संजय उपाध्याय, छात्र नेताओं में शिप्रांत सिंह गौतम, धनंजय सिंह बिसैन, जैनेंद्र पांडेय मिंटू, आशुतोष ओझा, जितेंद्र यादव, मृत्युंतय राय, अजय पांडेय, जयप्रकाश यादव मुन्ना, मिंटू खान, राहुल राय, अटल पांडेय आदि शामिल रहे।

### कड़ाके की ठंड पर आस्था भारी, हजारों लोगों ने गंगा व सरयू में लगाई आस्था की डुबकी



**बलिया।** मकर संक्रांति पर कड़ाके की ठंड के बावजूद रविवार की भोर से ही लोग गंगा व सरयू नदी के घाटों पर स्नान करने पहुंचे। नदी में डुबकी लगाने के बाद भगवान सूर्य को अर्घ्य दिया और गंगा और सरयू की पूजा की। इसके बाद श्रद्धालुओं ने गंगा तट पर मौजूद ब्राह्मणों और गरीबों को तिल, चावल, तिलवा, गुड़, उड़द की दाल आदि दान किया। इसके बाद आसपास के मंदिरों में पूजन-अर्चन कर पुरोहितों को दान पुण्य किया। वहीं सुरक्षा के मद्देनजर विभिन्न घाटों पर पुलिस तैनात रही। नगर के शिवरामपुर घाट, कीनाराम घाट, माल्देपुर घाट, उजियार घाट, भरौली घाट, मझौंवा घाट, पचरूखिया घाट, हुकुम छपरा घाट आदि स्थानों पर श्रद्धालुओं ने डुबकी लगाई। नरहीं क्षेत्र के कोटवां नारायणपुर, उजियार, भरौली, गोविंदपुर के गंगा घाटों पर श्रद्धालुओं ने डुबकी लगाई। पूरे दिन एनएच 31 पर वाहनों का तांता लगा रहा। वहीं, नरहीं पुलिस भी एहतियात के तौर पर नाव से निगरानी करती रही। बेल्थरारोड में मकर संक्रांति पर सरयू नदी के विभिन्न तटों पर हजारों श्रद्धालुओं ने आस्था की डुबकी लगाई। स्नान के बाद श्रद्धालुओं ने मंदिरों में पूजन अर्चन कर पुण्य लाभ अर्जित किया। स्नान के बाद श्रद्धालुओं ने तिलवा, गुड़, लाई आदि दान दिया। इस दौरान तुतीर्पार, खैरा खास, बेल्थरा बाजार, हल्दीरामपुर आदि तटीय क्षेत्रों में भारी भीड़ उमड़ पड़ी।

## विदेशी अतिथियों को लेकर गंगा विलास क्रूज पहुंचा गाजीपुर, स्वागत से लेकर भ्रमण एवं गन्तव्य तक विदेशी सैलानी दिखे प्रसन्न

# विदेशी सैलानियों को गाजीपुर के इतिहास से कराया गया अवगत

● लार्ड कार्नवालिस गेट पर पहुंचते ही विदेशी पर्यटकों का आकर्षक नृत्य गीत से किया गया स्वागत

केटी न्यूज/गाजीपुर



महिला सैलानी का स्वागत करती जिलाधिकारी

बीते 13 जनवरी को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने वर्चुअल कार्यक्रम के तहत गंगा विलास क्रूज को वाराणसी से रवाना किया था। इसके बाद जमानिया में रात्रि विश्राम के बाद शनिवार को वहां से रवाना हुआ। इसके बाद सैलानियों का क्रूज गाजीपुर के रजागंज जेटी पर पहुंचा। रजागंज जेटी पर जिलाधिकारी आर्यका अखौरी के साथ मौके पर पहुंचे अन्य अधिकारियों ने विदेशी सैलानियों का फूल एवं मालाओं से भव्य स्वागत किया। उधर प्रयागराज से आई लोक नृत्य कला ढेढिया की टीम ने सैलानियों का अपनी पारम्परिक नृत्य ढेढिया से स्वागत किया। उसके बाद जिलाधिकारी एवं सहायक प्रोफेसर डा. सारिता सिंह ने विदेशी सैलानियों स्वागत करते हुए जनपद के इतिहास के बारे में अवगत कराया। रजागंज जेटी पर ही विदेशी सैलानियों को गाजीपुर की ओडीओपी योजना के तहत बनी हुई वॉल हैंगिंग भी भेंट स्वरूप दिया गया। उसके बाद विदेशी सैलानी ई-रिक्शा के माध्यम से लार्ड कार्नवालिस के मकबरा पहुंचकर मकबरा का दीदार किया एवं लार्ड कार्नवालिस के बारे मे विस्तृत जानकारी ली।

लार्ड कार्नवालिस गेट पर पहुंचते ही विदेशी पयटकों का धोबिया नृत्य से भव्य स्वागत किया गया। जिलाधिकारी आर्यका अखौरी ने कहा कि ये हमारे लिये गौरव की बात है कि गंगा विलास क्रूज यहां पहुंचा है। लार्ड कार्नवालिस का मकबरा घूमने के बाद दोपरहर डेढ़ बजे क्रूज आगे के लिये रवाना हुआ। जनपद में स्वागत से लेकर भ्रमण एवं गन्तव्य तक विदेशी सैलानी प्रसन्न दिखे। गंगा विलास क्रूज का गाजीपुर में पहला पड़ाव है और काशी के बाद लहुरी काशी का कितना महत्व है इस बात से समझा जा सकता है।

गौरतलब है कि 13 जनवरी को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शुक्रवार को सबसे लंबे जलमार्ग पर वाराणसी से डिब्रूगढ़ के लिए गंगा विलास क्रूज और मालवाहक जलयान को वर्चुअली हरी झंडी दिखा कर रवाना किया था। साथ ही, उन्होंने गंगा पार रेती पर बसी टेंट सिटी और गाजीपुर व बलिया में बनी चार फ्लोटिंग जेटी का बटन दबाकर उद्घाटन किया। बिहार के दो जिलों में पांच सामुदायिक घाट की भी आधारशिला रखी। मौके पर मुख्य विकास अधिकारी श्रीप्रकाश गुप्ता, अपर जिलाधिकारी विरा अरूण कुमार सिंह, एसपी सिटी गोपी नाथ सोनी, उपजिलाधिकारी सदर प्रतिभा मिश्रा, अपर उपजिलाधिकारी आकाश कुमार, जिला सूचना अधिकारी राकेश कुमार, जिला पर्यटन सूचना अधिकारी दिव्या तिवारी, जीएमडीआईसी प्रवीण मौर्या, जिला पूर्ती अधिकारी कुमार निर्मलेन्दू व अन्य पदाधिकारी मौजूद रहे।